पत्र संख्या–स्था0अराज0 / ई0आई0एम0एस0 / 2021–21 / 1864 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ:: दिनांक 06 अगस्त,2021

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर
वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।

....

कृपया मुख्यालय के पत्र संख्या 916 दिनांक 17.06..2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें,जिसके द्वारा प्रतिवेदक आनलाईन वार्षिक प्रविष्टि में अपना मंतव्य दिनांक 30.06.2021 तथा स्वीकर्ता अपना मंतव्य दिनांक 15.07.2021 तक अंकित कर सकते थे।

कई अधिकारियों द्वारा ई–मेल के माध्यम से अवगत कराया कि कोविड–19 के कारण कुल 50 प्रतिशत कर्मचारी की कार्य कर रहे है,जिसके कारण प्रतिवेदक तथा स्वीकर्ता की तिथि को पुनः निर्धारित करते हुये पोर्टल को पुनः खोले जाने का अनुरोध किया गया। जिसके क्रम में मुख्यालय के पत्र सं० 1208 दिनांक 05.07.2021 द्वारा प्रतिवेदक की मंतव्य अंकित करने की तिथि दिनांक 30.07.2021 तथा स्वीकर्ता की मंतव्य अंकित करने की तिथि 10.08.2021 निर्धारित की गई थी।

मुख्यालय एवं जोन से कई अधिकारियों द्वारा वार्षिक प्रविष्टि में अपना मंतव्य अंकित न कर पाने के कारण पुनः पोर्टल को खुलवाने का अनुरोध करते हुये प्रतिवेदक तथा स्वीकर्ता की तिथि आगे बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया हैं कि वित्तीय वर्ष 2020–21 की ऑनलाईन वार्षिक प्रविष्टि में प्रतिवेदक द्वारा मंतव्य अंकित करने के तिथि 20.08.2021 तथा स्वीकर्ता द्वारा मंतव्य अंकित करने की तिथि दिनांक 30.08.2021 निर्धारित करते हुये ऑनलाईन पोर्टल पुनः खोल दिया गया है।

1681

(सूर्यमणि लालचंद)
एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन)वाणिज्य कर
वाणिज्य कर मुख्यालय।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. अपर निदेशक (प्रशिक्षण) वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,लखनऊ।
2. समस्त अनुभाग अधिकारी,वाणिज्य कर मुख्यालय ।
3. आई०टी० अनुभाग को इस आशय से प्रेषित कि पत्र विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

(पी0एम0यादव)
ज्वाइण्ट कमिश्नर (स्था0अराज0)वाणिज्य कर
वाणिज्य कर मुख्यालय।